प्रेषक,

राहुल भटनागर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक 23 अगस्त, 2016

विषयः केन्द्रीय योजनाओं (सी0पी0/सी0ए0एस0पी0) का पब्लिक फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट सिस्टम (पी0एफ0एम0एस0) द्वारा क्रियान्वयन किये जाने हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाना।

महोदय,

भारत सरकार से दिनांक 12 अगस्त, 2016 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा केन्द्रीय योजनाओं को पब्लिक फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट सिस्टम (पी0एफ0एम0एस0) के माध्यम से प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट (डी0पी0एम0यू0) का गठन किया गया है। उक्त डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट हेतु मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

2- डी0पी0एम0यू0 हेतु स्टाफ, आउट सोर्सिंग के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, जिनके बैठने हेतु कार्यालय कक्ष तथा लॉजिस्टिक राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। अतः अनुरोध है कि डी0पी0एम0यू0 के स्टाफ के बैठने हेतु कार्यालय कक्ष तथा लॉजिस्टिक (फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिन्टर तथा इन्टरनेट कनेक्शन आदि) उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक - यथोक्त

भवदीय,

राहुल भटनागर
प्रमुख सचिव।

संख्या-4/2016/बी-1-2020(1)/दस-2016-एम-39/2016, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1 श्री आलोक कुमार वर्मा, कन्ट्रोलर ऑफ एकाउन्टस (सी0बी0ई0सी0), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार।
2 निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ।
3 समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
4 श्रीमती शीतल वर्मा, विशेष सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

आज्ञा से,

लहरी यादव
वित्तीय सलाहकार (बजट)
एवं विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in